# MEDICAL SCIENCE

*Time Allowed : Three Hours* | *Maximum Marks : 300*

## INSTRUCTIONS

*Each question is printed both in Hindi and in English.*

*Answers must be written in the medium specified in the Admission Certificate issued to you, which must be stated clearly on the cover of the answer-book in the space provided for the purpose. No marks will be given for the answers written in a medium other than that specified in the Admission Certificate.*

*Candidates should attempt Question Nos.* ***1*** *and* ***5*** *which are compulsory, and any* ***three*** *of the remaining questions selecting at least* ***one*** *question from each Section.*

*The number of marks carried by each question is indicated at the end of the question.*

*Wherever required, the candidates may use coloured pencils for drawing sketches and diagrams in the answer-book.*

---

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस प्रश्न-पत्र के पिछले पृष्ठ पर छपा है ।

## SECTION—A

1. Answer any **FOUR** of the following :—

(a) (i) A 40-year old male comes to you with history of smoking 20 cigarettes per day for the last 15 years. What are the diseases he is prone to get ? How to deaddict such an individual ? 5+5=10

(ii) Outline the management of a case of Alcoholic Liver Cirrhosis. 5

(b) Enumerate Anti-retroviral Therapy in HIV infected adult. 15

(c) A 9-month old baby is brought with complaints of 3 episodes of diarrhoea since his mother stopped breast-feeding at the age of 6 months and started cow's milk along with other food. The current episode of diarrhoea began 18 days ago. The baby still takes cow's milk but his mother has reduced his intake of solid food since the diarrhoea began. There is no blood in the stool. He weighs 6 kg.

(i) How will you classify his illness ?

(ii) What will you look for during examination of this baby ?

(iii) How will you manage this baby ? 5+5+5=15

## खंड—क

1. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** के उत्तर दें :—

(अ) (i) आपके पास एक 40 वर्षीय पुरुष आता है जो बताता है कि वह पिछले 15 वर्षों से प्रतिदिन 20 सिगरेट पीता रहा है। यह व्यक्ति किन-किन रोगों से घिर सकता है ? ऐसे व्यक्ति की धूम्रपान की लत को छुड़ाने के लिए आप क्या तरीके अपनाएंगे ?

5+5=10

(ii) ऐल्कोहॉली यकृत सिरोसिस के प्रबंधन की रूपरेखा दें। 5

(ब) HIV-संक्रमित वयस्क को दी जाने वाली रेट्रोवाइरस रोधी चिकित्सा गिनाइए। 15

(स) एक 9 माह का शिशु, जिसकी मां ने उसे 6 माह की उम्र में अपना दूध बंद कर गाय का दूध और दूसरे भोजन देने शुरू कर दिए थे, इस शिकायत के साथ लाया जाता है कि ऐसा करने के बाद से उस शिशु को 3 बार प्रवाहिका होने की घटनाएं हो चुकी हैं। इस बार प्रवाहिका का यह प्रसंग 18 दिन पहले शुरू हुआ था। वह अब भी गाय का दूध ले रहा है परन्तु प्रवाहिका के शुरू होने के बाद से उसकी मां ने उसका ठोस आहार कम कर दिया है। उसके मल में रक्त नहीं है । उसका वजन 6 kg है ।

(i) उसके रोग को आप किस श्रेणी में रखेंगे ?

(ii) इस शिशु की जांच करते हुए आप किन-किन चीजों पर विशेष ध्यान देंगे ?

(iii) इस शिशु का प्रबंधन आप कैसे करेंगे ?

5+5+5=15

(d) A 20-year old primigravida delivered a preterm baby by normal vaginal delivery at 31 weeks of Gestation. The baby breathed and cried at birth. Weight was 1.1 kg. At 1 hour of age the baby was found to be in respiratory distress with Grunting.

(i) What is the likely diagnosis ?

(ii) What are the complications of this condition ?

(iii) How will you manage this baby ? 4+5+6=15

(e) Enumerate differences between Allergic and Irritant contact dermatitis. 15

2. (a) A 40-year old person comes with acute abdominal pain of 4 hours duration. What is the differential diagnosis ? How will you manage a case of acute pancreatitis ? 10+10=20

(b) A 3-day old neonate was found to be cyanosed on routine pre-discharge check-up. The baby was otherwise well with no dyspnoea and only a mild tachycardia of 140/MT. On examination there are normal femoral pulses, no hepatomegaly, a loud second heart sound and no murmur.

(i) What are the likely diagnoses ?

(ii) Chest X-ray demonstrated a typical appearance of a particular cyanotic heart disease. What complications are likely to arise in the neonatal period for this baby ?

(iii) How will you manage this baby ? 5+7+8=20



(Contd.)

(द) एक 20 वर्षीय प्रथमगर्भा ने 31 सप्ताह की गर्भावधि पर सामान्य योनिमार्ग प्रसव द्वारा समयपूर्व शिशु को जन्म दिया। इस शिशु ने जन्म के समय सांस ली और वह रोया भी। उसका वजन 1.1 kg है। जन्म के 1 घंटे बाद उसे सांस लेने में कठिनाई हो रही थी और घुरघुराहट थी।

(i) संभावित निदान क्या है ?

(ii) इस विकार की क्या जटिलताएं हैं ?

(iii) इस शिशु का प्रबंधन आप कैसे करेंगे ?

4+5+6=15

(ई) प्रत्यूर्जताजन्य तथा क्षोभक संस्पर्श त्वाकशोथ के बीच के अन्तर गिनाइए । 15

2. (अ) एक 40 वर्षीय व्यक्ति 4 घंटे की तीव्र उदरीय पीड़ा के साथ आता है। यह व्यक्ति किन-किन रोग विकारों से पीड़ित हो सकता है ? तीव्र अग्न्याशयशोथ के रोगी का प्रबंधन आप कैसे करेंगे ? 10+10=20

(ब) अस्पताल से छुट्टी देते समय हुई रुटिन जांच में 3 दिन का नवजात शिशु श्याव पाया गया। यह शिशु इसके अलावा स्वस्थ था, उसे कष्टश्वास नहीं था और उसे हल्की 140/मिनट की हृद्क्षिप्रता थी। जांच करने पर उसकी ऊरु स्पंदन सामान्य थी, यकृतवृद्धि नहीं थी, द्वितीय हृद् ध्वनि ऊंची थी लेकिन कोई मर्मर नहीं था।

(i) यह शिशु किन-किन रोग-विकारों से पीड़ित हो सकता है ?

(ii) वक्ष एक्स-रे पर एक विशेष श्याव हृदय रोग के विशिष्ट लक्षण थे। नवजात अवधि में इस शिशु में कौनसी जटिलताएं उत्पन्न होने की संभावना बनी रहेगी ?

(iii) इस शिशु का प्रबंधन आप कैसे करेंगे ?

5+7+8=20



(Contd.)

(c) Describe Etiology, Clinical features and Prognostic scoring points of mortality of Stevens-Johnson syndrome. 8+8+4=20

3. (a) A 35-year old male took Anti-TB Treatment (ATT) for 9 months with first-line drugs. His sputum is still positive for AFB. Discuss causes of treatment failure and his management now. 10+10=20

(b) (i) What is the definition, etiology and importance of Dysentery in young children ?

(ii) What are the clinical features and complications of Dysentery in children ?

(iii) How will you manage a child brought with Dysentery ? 6+7+7=20

(c) What are points of difference between Erythema Multiforme and Toxic Epidermal Necrolysis (TEN) ? 20

4. (a) Enumerate common life style diseases in adults in India and the causes for their increasing incidence. 10+10=20

(b) A 2-year old boy is brought with a history of recurrent episodes of fever, cough and breathlessness. He was well till 10 months of age. When suddenly for the first time he developed breathing difficulty when left in the care of his elder sibling.

(i) What is the most likely diagnosis ?

(ii) How will you investigate this child ?

(iii) How will you manage this child ? 3+7+10=20

(c) Discuss Etiopathogenesis of Vitiligo. 20



(Contd.)

(स) स्टीवेन्स-जॉनसन संलक्षण से हुई मृत्यु की हेतुकी, क्लिनीकल लक्षण तथा प्राग्ज्ञान स्कोरिंग अंकों का वर्णन करें ।

8+8+4=20

3. (अ) एक 35 वर्षीय पुरुष ने 9 महीनों तक प्रथम-पंक्ति दवाओं से टीबी-रोधी उपचार लिया। उसका थूक अब भी AFB के लिए पॉजीटिव है। उपचार फेल होने के कारणों की व्याख्या करें तथा उसका अब कैसे प्रबंधन किया जाना चाहिए, इसकी व्याख्या भी करें। 10+10=20

(ब) (i) छोटे बच्चों में पेचिश की परिभाषा, हेतुकी तथा महत्व क्या है ?

(ii) बच्चों में पेचिश के क्लिनीकल लक्षण तथा जटिलताएं क्या हैं ?

(iii) अगर कोई बच्चा आपके पास पेचिश के साथ लाया जाता है तो आप उसका प्रबंधन कैसे करेंगे ? 6+7+7=20

(स) बहुरूपी त्वग्रक्तिमा तथा टॉक्सिक बाह्यत्वचा नेक्रोलाइसिस के बीच किन-किन बिंदुओं पर अंतर है ? 20

4. (अ) भारत में वयस्कों में होने वाले आम जीवन-शैली रोगों को गिनाइए और उनकी बढ़ती आघटन के कारणों को भी गिनाइए । 10+10=20

(ब) एक 2 वर्षीय बालक को बार-बार ज्वर आने, खाँसी होने और सांस फूलने के प्रसंग हो रहे हैं और वह आपके पास लाया जाता है। वह 10 माह की उम्र तक स्वस्थ था। जब उसे अपने बड़े सहोदर की देखभाल में छोड़ा गया और उसे पहली बार सांस लेने में कठिनाई हुई।

(i) ऐसे में सर्वाधिक संभावित निदान क्या है ?

(ii) इस बच्चे की जाँच आप कैसे करेंगे ?

(iii) इस बच्चे का प्रबंधन आप कैसे करेंगे ?

3+7+10=20

(स) विटिलिगो के हेतुविकृतिजनन की व्याख्या करें। 20



(Contd.)

## SECTION—B

5. Answer any **THREE** of the following :— 20×3=60

(a) Discuss the management of a 30 yrs. old lady presenting with complaints of repeated attacks of pain in upper abdomen, jaundice and fever. 20

(b) Enumerate the premalignant lesions of oral cavity. How would you manage a 40 yrs. old smoker with a 2 × 2 cm ulcer on the right lateral border of tongue. 5+15=20

(c) A lady comes with 2 months of amenorrhoea to the antenatal clinic. How would you diagnose pregnancy in her ? Describe the regular antenatal care with its aims and advantages. 20

(d) Discuss briefly Iodine deficiency disorders. 20

6. (a) Describe the management of a 30 yrs. old man presenting with painless bleeding per-rectum. 20

(b) Enumerate the cystic lesions of the breast. How would you manage a 18 yrs. old girl presenting with 8×8 cm, lobulated, soft to firm lump in right breast without any lymphadenopathy ? 5+15=20



(Contd.)

## खंड—ख

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** का उत्तर दें :— 20×3=60

(अ) एक 30 वर्षीय महिला जिसे बार-बार उदर के ऊपरी भाग में दर्द उठने, पीलिया होने और बुखार होने की परेशानी हो रही है, उसके प्रबंधन की व्याख्या करें। 20

(ब) मुखगुहा में होने वाली दुदर्मतापूर्व विक्षतियों के नाम गिनाइए। एक 40 वर्षीय धूम्रपान करने वाले व्यक्ति जिसकी जिह्वा के दक्षिण पार्श्विक सीमा पर 2 × 2 cm का व्रण है, उसका प्रबंधन आप कैसे करेंगे ? 5+15=20

(स) एक महिला, जिसे 2 महीनों से ऋतुस्राव नहीं हुआ, जन्मपूर्व क्लिनीक में आती है । इस महिला के गर्भवती होने का निदान आप कैसे करेंगे ? सामान्य जन्मपूर्व देखरेख का लक्ष्यों और लाभों सहित वर्णन करें। 20

(द) आयोडिनहीनता विकारों की संक्षेप में व्याख्या करें। 20

6. (अ) एक 30 वर्षीय पुरुष, जिसे मलाशय से पीड़ारहित रक्त-स्राव होने की परेशानी है, उसके प्रबंधन का वर्णन करें। 20

(ब) स्तन की पुटीमय विक्षतियों के नाम गिनाइए । एक 18 वर्षीय तरुणी, जिसके दक्षिण स्तन में 8 × 8 cm की गोलक्ति, मुलायम से ठोस गांठ है और जिसे कोई लसिकापर्ववृद्धि नहीं है, उसका प्रबंधन आप कैसे करेंगे ? 5+15=20

(c) Enumerate the surgical causes of hypertension. How would you manage a 25 yrs. young man with severe hypertension with right adrenal mass ? 20

7. (a) Define dysfunctional uterine bleeding. Describe its clinical features and investigations. How would you manage a 34 yrs. old lady with an ovulatory bleeding ? 20

(b) What is normal labour ? Describe the mechanism of labour in left occipito anterior position. 20

(c) What is MTP ? Mention indications for MTP. Describe different methods of termination in first trimester of pregnancy. 20

8. (a) List the causative organisms and vectors of lymphatic filariasis in India. What are its salient control measures ? 10+20=30

(b) How is the diagnosis of malaria confirmed ? Describe the presumptive and radical treatment of malignant malaria. 10+20=30

(स) उच्च रक्तदाब के सर्जिकल कारणों को गिनाइए। एक 25 वर्षीय युवा पुरुष, जिसे प्रचंड उच्च रक्तदाब है और साथ ही दक्षिण अधिवृक्क पिंड है, उसका प्रबंधन आप कैसे करेंगे ? 20

7. (अ) दुष्क्रियात्मक गर्भाशय रक्तस्राव को परिभाषित करें। उसके क्लिनीकल लक्षणों और उसके लिए की जाने वाली जांचों का वर्णन करें। एक 34 वर्षीय महिला जिसे डिंबाक्षरणी रक्तस्राव है, उसका प्रबंधन आप कैसे करेंगे ? 20

(ब) सामान्य प्रसव क्या है ? वाम पश्चकपालपश्च स्थिति में प्रसव की क्रियाविधि का वर्णन करें। 20

(स) MTP क्या है ? MTP करने के संकेत बताएं। गर्भावस्था की पहली तिमाही में प्रयुक्त गर्भ-समापन के विभिन्न उपायों का वर्णन करें। 20

8. (अ) भारत में लसवाहिका फाइलेरिया के कारक जीवों तथा रोगवाहकों के नाम गिनाइए। उसकी रोकथाम के मुख्य उपाय क्या हैं ? 10+20=30

(ब) मलेरिया के निदान की पुष्टि कैसे की जाती है ? दुर्दम मलेरिया की अनुमानिक तथा निर्मूलक चिकित्सा का वर्णन करें। 10+20=30

Serial No. | | C–DTN–J–NTB

# चिकित्सा विज्ञान

## प्रश्न-पत्र—II

समय : तीन घण्टे

पूर्णांक : 300

### अनुदेश

प्रत्येक प्रश्न हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपा है।

प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख उत्तर-पुस्तक के मुखपृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्रवेश-पत्र पर उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्न संख्या *1* और *5* अनिवार्य हैं। बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम एक प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न के लिए नियत अंक प्रश्न के अन्त में दिए गए हैं।

आवश्यकता पड़ने पर परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तक में रेखाचित्रों/नक्शों तथा आरेखों के लिए रंगीन पेंसिल का प्रयोग कर सकते हैं।

***Note :*** *English version of the Instructions is printed on the front cover of this question paper.*